फरवरी 2003 का आकाश



यह चार्ट भोपाल के लिए बनाया गया है किन्तु थोड़े से फेरबदल के साथ इसका उपयोग काफी बड़े इलाके में किया जा सकता है। यह चार्ट 1 फरवरी रात 10 बजे या 15 फरवरी रात 9 बजे या 28 फरवरी 2003 रात 7बजकर 52 मिनट की स्थिति दर्शाता है। फर्क बस इतना होगा कि 1 फरवरी को अमावस्या है जिससे चन्द्रमा नज़र नहीं आएगा और 16 फरवरी को पूर्णिमा है इसलिए 15 फरवरी को आकाश में चन्द्रमा शनि के पास दिखेगा। इसे देखने के लिए ज़रूरी है कि आप इसे ज़मीन पर न रखकर अपने सिर के ऊपर इस तरह रखें, गोया यह चार्ट नहीं आकाश ही है। इस तरह से देखने पर ही आप सही दिशाएं खोज पाएंगे।